बिहार सरकार

समाज कल्याण विभाग

## -:: अधिसूचना ::-

संचिका सं०-स0क0निग0-242/2024 (खण्ड)-......1586....../आश्रयगृह पूर्वी पटेल नगर, पटना में दिनांक-07 से 11 नवम्बर, 2024 में घटित घटना जिसमें 03 संवासिनों की मृत्यु हो गई थी, में घोर लापरवाही, उदासीनता, कर्तव्यहीनता, अकर्मण्यता एवं उचित अनुश्रवण ना करने आदि का दोषी पाते हुए श्री प्रभाकर कुमार पटेल, सहायक निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, पटना को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का निर्णय सक्षम प्राधिकार द्वारा लिया गया है।

अत: उक्त परिप्रेक्ष्य में श्री प्रभाकर कुमार पटेल, सहायक निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, पटना को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम-9(1) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है।

1. निलंबन अवधि में उक्त नियमावली के नियम-10 के प्रावधानानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।
2. निलंबन अवधि में निलंबन अवधि का मुख्यालय- सहायक निदेशक, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, बक्सर निर्धारित किया जाता है।
3. विभागीय कार्यवाही के संबंध में आदेश अलग से जारी किया जायेगा।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

ह0/-

सरकार के अपर सचिव

समाज कल्याण विभाग।

ज्ञापांक :- स0क0निग0-232/2024 (खण्ड)- पटना-15 दिनांक -

प्रतिलिपि :- ई-गजट, वित्त विभाग, बिहार, पटना को बिहार राजपत्र के अगले अंक में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

ह0/-

सरकार के अपर सचिव

समाज कल्याण विभाग।

ज्ञापांक :- स0क0निग0-232/2024 (खण्ड)- 1586 पटना-15 दिनांक -5-3-2025

ई-मेल / निबंधित

प्रतिलिपि :- महालेखाकार, बिहार, पटना/वित्त (वै०दा०नि०को०) विभाग, बिहार, पटना/माननीय मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव/मुख्य सचिव के विशेष कार्य पदाधिकारी/प्रमण्डलीय आयुक्त, पटना/निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय, बिहार, पटना/जिला पदाधिकारी, पटना/ बक्सर/सहायक निदेशक, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, पटना/ बक्सर/ कोषागार पदाधिकारी, पटना/ बक्सर/माननीय मंत्री, समाज कल्याण विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव, समाज कल्याण विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/विशेष कार्य पदाधिकारी (स्थापना), समाज कल्याण विभाग, बिहार, पटना/विभागीय आई0टी0 मैनेजर (अपलोड हेतु)/ श्री प्रभाकर कुमार पटेल, सहायक निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह० 05/03/25

सरकार के अपर सचिव
समाज कल्याण विभाग।

सोनी
5/03/25